तापमान
अधिकतम 41.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, बुधवार, 17 अप्रैल 2024

12 राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष...



12 संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान अधिकारी का महत्वपूर्ण...





# रामनवमी आज, बाल विवाह रोकने प्रशासन मुस्तैद, सूचना मिलते ही पहुंचेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में बाल विवाह को रोकने के लिए कलेक्टर रणबीर शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को पत्र जारी कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर द्वारा सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी देते हुए बताया कि बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नहीं अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह कराने वाले सभी सेवा प्रदाताओं पर भी कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इसके अतिरिक्त वर या कन्या बाल विवाह पश्चात विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते है। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण शिशु मृत्यु दर के साथ घरेलु हिंसा में भी वृद्धि होती है। ऐसे में हम सभी का दायित्व है कि समाज में व्याप्त इस बुराई के पूर्णतः उन्मूलन हेतु जनप्रतिनिधियों, समेत नगरीय निकाय पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों स्वयंसेवी संगठनों एवं आम जनों से सहयोग प्राप्त कर इस प्रथा के उन्मूलन हेतु कारगर कार्रवाई करें।

**बाल विवाह रोकने करें ये पहल-** कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक ग्राम पंचायत के ग्रामों के कोटवार द्वारा बाल विवाह नहीं करने, बाल विवाह कानूनन अपराध होने के संबंध में मुनादी कराई जाए। इससे सभी ग्रामीण जनों को पता चले की बाल विवाह करना अपराध है। जिले में आयोजित होने वाली समस्त ग्राम सभाओं में बाल ▶▶|शेष पेज 11 पर

## कलेक्टर ने अधिकारियों को बाल विवाह की रोकथाम के लिए लिखा पत्र



### रामनवमी व अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में होते हैं विवाह कार्यक्रम

हर ग्राम में विवाह संबंधी पंजी संधारित करें, कलेक्टर ने कहा कि जिले में बाल विवाह की रोकथाम की कार्ययोजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि कुछ विशिष्ट जातियों में बाल विवाह के प्रकरण पूर्व वर्षो से प्राप्त होते रहे हैं। ऐसे में सबसे पहले जिले में ऐसे क्षेत्रों व जातियों को चिन्हांकित करें। चिन्हित करने के लिए पटवारी, कोटवार शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं ग्राम स्तरीय शासकीय अमले को दायित्व सौंपा जा सकता है। प्रत्येक ग्राम व ग्राम पंचायत में विवाह पंजी संधारित की जानी चाहिए। रामनवमी एवं अक्षय तृतीया पर बड़ी संख्या में विवाह होते हैं। इन अवसरों पर बाल विवाह भी हो सकते हैं। इस समय खास नजर रखें। पुलिस अधीक्षक प्रारंभ से ही थाना प्रभारियों को निर्देशित करें की पुलिस दल ग्रामों के भ्रमण में ग्रामजनों को बाल विवाह ना करने की समझाइस दें। साथ ही थाने में किसी भी माध्यम से बाल विवाह होने की मौखिक या लिखित सूचना प्राप्त होती है, तो रोकथाम हेतु तत्काल सक्रिय हो जायें।

## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## पर्व : महाअष्टमी पर नौ कन्या पूजन के साथ हुआ प्रसादी का वितरण

# मंदिरों में हवन-पूजन के साथ दी गई पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

चैत्र नवरात्रि पर्व के अष्टमी तिथि में विभिन्न देवी मंदिरों में शुभ मुहूर्त पर हवन-पूजन कर पूर्णाहुति दी गई, इसके बाद महाआरती संपन्न हुई। तदुपरांत प्रसाद का वितरण किया गया। चैत्र नवरात्रि के अष्टमी पर्व पर जिला मुख्यालय सहित विभिन्न ग्रामीण और नगरीय निकाय क्षेत्रों में स्थित विभिन्न देवी मंदिरों में विधि-विधान के साथ आचार्यों के सानिध्य में माता की पूजा-अर्चना के साथ हवन किया गया और अंत में महाआरती की गई। आरती के बाद प्रसाद वितरण देर शाम तक होता रहा।

**देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता-** चैत्र शारदीय नवरात्रि पर्व के अष्टमी के दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं महामाया, शीतला, भद्रकाली, बमलेश्वरी, दुर्गा मंदिर, कालिका माता मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचते रहे। जहां पर श्रद्धालुओं के द्वारा महाष्टमी पर माता की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं कई श्रद्धालुओं ने महा अष्टमी पर्व पर अठवाही चढ़ाया। इसके अतिरिक्त श्रद्धालुओं के द्वारा माता के श्रृंगार के विभिन्न सामग्री सहित श्रीफल अर्पित कर आशीर्वाद लिया। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा।

**आज जोत-जंवारा विसर्जन-** इसी बीच विभिन्न शुभ मुहूर्त में आचार्य के सानिध्य पर माता की पूजा अर्चना एवं विभिन्न मंत्रों के साथ माता की विशेष पूजा की गई। तदुपरांत हवन हुआ और पूर्णाहुति के बाद महाआरती की गई। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले जस गीत समिति मंडली के द्वारा भक्ति भाव से माता सेवा व जसगीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा जिले के ग्रामीण व अन्य क्षेत्रों में घरों में स्थापित जोत-जंवारा का भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। आज नवमीं के अवसर पर अब इनका विसर्जन होगा।





## शतचंडी महायज्ञ में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भगवती आराधना का महापर्व नवरात्र में बुचीपुर मां महामाया मंदिर प्रांगण में चल रहे श्रीशत चंडी महायज्ञ के अष्टम दिवस भारी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। क्षेत्र के लोगों में इस यज्ञ के प्रति अधिक उत्साह देखने को मिला। मांदर की थाप में जसगीत और पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ प्रतिदिन भक्तवृंद महायज्ञ मंडप की परिक्रमा करते हैं। यज्ञाचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने एवं एकादश वैदिक विद्वानो के साथ वैदिक विधि विधान से इस पावन यज्ञ को संपादित करा रहे हैं।

आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने यज्ञ की महिमा को बताते हुए कहा यज्ञों की महिमा का कोई अंत नहीं। 'यज्ञ' भारतीय संस्कृति के अनुसार ऋषि-मुनियों द्वारा जगत को दी गई ऐसी महत्वपूर्ण देन है, जिसे सर्वाधिक फलदायी एवं समस्त पर्यावरण केन्द्र 'इको सिस्टम' के ठीक बने रहने का आधार माना जा सकता है। ऋषियों ने 'अयं यज्ञो विश्वस्य भुवनस्य नाभिः' (अथर्ववेद 9.15.14) कहकर यज्ञ को संसार की सृष्टि का आधार बिंदु कहा है। साथ ही महायज्ञ की परिक्रमा करने से अनेक लाभ पूज्य श्री ने बताया। इन्होंने कहा कि यज्ञ में भाग लेने वाले जितने पग बढ़ाते हैं, उन्हें अश्वमेघ यज्ञ की फल प्राप्त होता है। वैदिक विधि से यज्ञ मंडप का परिक्रमा करने से अनंत गुणा अधिक फल प्राप्त होता है। इष्ट मंत्र जपते हुए माला से परिक्रमा करने वाले विशुद्ध ज्ञान प्राप्त करते है। फल से परिक्रमा करने वाले को पुत्र, पौत्र, नात्र की प्राप्ति होती हैं। कंचन व द्रव्य लेकर परिक्रमा करने वाले को लक्ष्मी की प्राप्ति होती है।

## सिद्ध शक्तिपीठ मां चंडीधाम में हुआ हवन-पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



सिद्ध शक्तिपीठ मां चंडीधाम करमू में 821 मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई है। नवरात्र के पहले दिन से ही भक्त माता रानी एवं ज्योति कलश का दर्शन करने बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचे रहे हैं। क्षेत्र में प्रसिद्ध इस सिद्ध शक्तिपीठ में श्रद्धालुओं की बहुत आस्था है। भक्तगण अपनी मनोकामनाएं लेकर माता के दरबार में आते हैं। नवरात्र के पहले दिन मंदिर के पुजारी संजय मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष रामानुजन सिंह राजपूत, कोषाध्यक्ष महेंद्र सिंह, सचिव हेमचंद पाटिल की मौजूदगी में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। इस दौरान गंगाराम, घनश्याम आदिवासी, जलेश्वर वर्मा, अशोक बिंदल, अशोक भारती, हरिशरण, क्षत्रिय, गोरेलाल चंद्राकर, थानेश्वर पटेल, अश्वनी साहू, पद्मराज सिंह राजपूत, कृष्णा बैगा,बल्लू निषाद,हेम साहू, राजेन्द्र दुबे, रामानुज साहू, मिलाप साहू, शोभा साहू, प्रभू साहू, राजेश ठाकुर, ग्राम प्रमुख मुन्ना साहू, मीनाराम निषाद आदि मौजूद थे। नवरात्र पर्व पर प्रतिदिन करमू की सेवा मंडली द्वारा माता के दरबार में सेवा गीत गायन प्रस्तुत किया जा रहा है। विभिन्न ग्रामों की सेवा मंडलियां भी यहां पहुंचकर सेवा की प्रस्तुति दे रही है। नवरात्र पर्व के पंचमी तिथि एवं अष्टमी को माता रानी की विशेष श्रृंगार कर हवन-पूजन एवं पूजा पाठ किया गया।



### शीतला मंदिर में हुआ हवन

**बेमेतरा।** ग्राम चीजगांव में मंगलवार को चैत्र नवरात्र पर्व के अष्टमी तिथि को मां शीतला मंदिर में हवन-पूजन किया गया। हवन-पूजन के बाद माता सेवा व जस गायन भी हुआ। अष्टमी तिथि में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। अष्टमी के दिन कुल देवी की पूजा के साथ ही मां काली, दक्षिण काली, भद्रकाली और महाकाली की पूजा होती है। नवरात्रि के नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। अष्टमी तिथि के पावन अवसर पर नौ कन्या पूजन का आयोजन किया गया। पूर्णाहूति के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।

### महामाया मंदिर में अष्टमी पर बांटा हलवा-पूड़ी का प्रसाद

**बेमेतरा।** शहर के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 06 में महामाया मंदिर में 76 ज्योत जलाए गए हैं। अष्टमी के दिन मां महामाया मंदिर में हलवा और पूड़ी का प्रसाद वितरण किया गया। हर रात्रि माता के भक्तों द्वारा सेवा गीत गाकर आराधना की गई।

### लोकसभा निर्वाचन प्रशिक्षण में लापरवाही दो शिक्षक निलंबित

बेमेतरा। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने लोकसभा निर्वाचन के तहत चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रशिक्षण कार्यक्रम में लापरवाही बरतने के कारण दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया है। पीठासीन अधिकारी भूषण लाल ढीमर व्याख्याता ई (एल.बी) शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला रानो द्वारा निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में बिना पूर्व सूचना अनुपस्थित रहना निर्वाचन कार्य के प्रति गंभीर लापरवाही का परिचायक है। इसी तरह मतदान अधिकारी क्रमांक 2 बिरेन्द्र कुर्रे प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला अमलीडीह द्वारा प्रशिक्षण में शराब के नशे की हालत में उपस्थित हुए। इस तरह निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में जानबूझकर लापरवाही बरतने, आचार संहिता का उल्लंघन एवं पदीय दायित्वों के प्रति घोर लापरवाही एवं उदासीनता के कारण दोनों को निलंबित किया गया है। निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में निर्वाचन कर्तव्य के प्रति गंभीर लापरवाही है। निलंबन अवधि में दोनों शिक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

### रामनवमीं आज, बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने पत्र जारी किया जिसमे उन्होंने आज 17 अप्रैल बुधवार राम नवमी को शुष्क दिवस घोषित करने के आदेश दिए हैं। शुष्क दिवस के अवसर पर जिले में स्थित समस्त देशी/विदेशी मदिरा एफ एल-1 (घघ), सी.एस.-2 (घघ) एवं सी.एस-2 (घघ-कम्पोजिट) बंद रहेगा। शुष्क दिवस के दौरान जिले में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टोरेंट बार. होटल-बार, क्लब दुकानों को बंद रखे जाने के निर्देश दिए हैं। जिलाधीश ने समस्त मण्डल प्रभारी/वृत्त प्रभारी कों निर्देशित किया है की इस दौरान अवैध मदिरा के परिवहन एवं विक्रय के रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाये जाए। अवैध मदिरा संग्रहण के संभावित ठिकानों एवं वाहनों की जांच की जाए एवं दोषियों के विरूद्ध अपराध कायम किये जाने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप



### वरिष्ठ व नए मतदाताओं को मत देने किया प्रेरित

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा के आदेशानुसार सीईओ जिला पंचायत के मार्गदर्शन में नवागढ़ विधानसभा एवं जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्रामपंचायत मोढ़े, सारंगपुर, चरगवां में जनपद पंचायत सीईओ पीएल धुर्वे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमे ग्राम के वरिष्ठ एवं नये मतदाताओं का नारियल एवं फूल चावल देकर सम्मान किया गया। मतदाताओं को शपथ दिलाया गया, फिर घर-घर भ्रमण कर पीला चावल, फूल देकर 7 मई को मतदान केंद्रों में जाकर अपना मतदान करने प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में एडीशनल सीईओ भरत बंजारे, विक्रम सिंह, पीओ संदीप वारे, समन्यवक घनश्याम सिंहा, विकास राजपूत, पंचायत निरीक्षक कोमल चंद्रवंशी, दिनेश साहू सहित जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में सचिवगण व बिहान महिला समूह की सदस्यगण उपस्थित थे।

### करंट लगने से महिला की मौत

**बालोद/कलंगपुर।** थाना रनचिराई अंतर्गत ग्राम रजोली में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। सोमवार को ग्राम रजोली भाटापारा की श्याम बाई यादव पति बिसेलाल यादव 56 वर्ष अपने घर में नल से पानी भरते समय नल में टूल्लू पंप मोटर को चालू करने के लिए मोटर के वायर को बोर्ड स्वीच में लगा रही थीं, कि अचानक वह तार से चिपक गई और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## रेडक्रास सोसायटी ने दिया प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण

# पुलिस के जवानों को सिखाया कैसे करें प्राथमिक उपचार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा प्राथमिक सहायता प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन पुलिस लाइन बेमेतरा में हुआ। एक अच्छा व्यक्ति वो होता है जो बना किसी लालसा या प्रलोभन के दुर्घटना या दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल सहायता के लिए स्वेच्छा से आगे आकर आपातकाल में प्राथमिक सहायता प्रदान करता है। कलेक्टर सह-अध्यक्ष रणवीर शर्मा, सचिव मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.आर चुरेन्द्र भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला संघठक उपेंद्र सिंह सेंगर के कार्यक्रम प्रबंधक लता बंजारे, प्रशिक्षण अधिकारी अमित दिक्षित के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया गया। दुर्घटना, जहरीले कीड़े काटने, मिर्गी आने पर, पानी में डूबने आदि पर प्राथमिक सहायता कैसे की जानी चाहिए यही सब डॉ रैना अग्रवाल ने पुलिस के जवानों को सिखाया। पुलिस जवानों के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत ही लाभकारी साबित होगा। पुलिस अधीक्षक राम कृष्ण साहू, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ज्योति सिंह एसडीओपी मनोज तिर्की के दिशा निर्देशन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में विशेष सहयोग रक्षित निरीक्षक मनीष सिंह राजपूत का रहा। प्रशिक्षण डॉ. रैना अग्रवाल, डॉ नरेश जांगड़े द्वारा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग से मीडिया प्रभारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में और भी ऐसे कार्यक्रम होते रहने चाहिए जिससे आम जनता जागरूक हो।




### न्यायिक मजिस्ट्रेट तनुश्री का हुआ स्थानांतरण, दी गई विदाई



**बेमेतरा।** न्यायालय में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट तनुश्री गवेल अध्यक्ष किशोर न्याय बोर्ड के स्थानांतरण हो जाने के बाद किशोर ने बोर्ड के सदस्यों एवं कर्मचारियों ने उन्हें ससम्मान विदाई दी। विदाई समारोह में तनश्री गवेल के कार्यकाल को याद करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके बेहतर कार्यकाल के लिए उन्हें बधाई भी दी। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य मनीषा तिवारी एवं शेषनारायण मिश्रा के साथ कर्मचारियों में अश्वनी सिन्हा शाहिस्ता परवीन के साथ-साथ पूर्व सदस्य ओमप्रकाश चंद्राकर भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### जेसीसीजे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष का भाजपा प्रवेश

**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता, लोकसभा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने सोमवार को हजारों कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन दाखिल किया तथा नामांकन रैली में शामिल आमजनों को संबोधित किया। इस दौरान मंच में उपस्थित मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव, विजय शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह एवं अनेक मंत्रियों और विधायकों की उपस्थिति में क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) अजीत जोगी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप साहू ने सोमवार को भाजपा के विचारधारा से प्रभावित होकर सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान श्री साहू ने कहा, आज देश मोदीजी के सुरक्षित हाथों में हैं और हमारा छत्तीसगढ़ विष्णुदेव साय के मजबूत नेतृत्व के साथ आगे बढ़ रहा है। इस दौरान श्री साहू को भगवा गमछा पहनाकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह ने पार्टी में प्रवेश कराया।

### धूमधाम से मनाया संत कंवरराम जन्मोत्सव





**रायपुर।** एसएसडी धाम अमलीडीह में संत साईं कंवरराम साहिब का जन्मोत्सव मेला धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर शर्बत एवं प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें पूरा एसएसडी परिवार एवं सभी धर्मप्रेमी शामिल हुए। रात को भगत साहिब के सत्संग के बाद केक काटा गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी एवं कार्यकारिणी सदस्यों समेत सिंधुजन बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### प्रशिक्षु आईएएस ने किया पदभार ग्रहण



**रायपुर।** जिला प्रशासन को एक और प्रशिक्षु आईएएस मिली हैं। बतौर सहायक कलेक्टर अनुपमा आनंद ने सोमवार को कलेक्टोरेट में अपनी ज्वाइनिंग दी। मूलतः अल्पपूझा जिला केरला की रहने वाली अनुपमा वर्ष 2023 बैच की प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी हैं। इन्होंने एपीजे अब्दुल कलाम प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, तिरुवनंतपुरम केरल से इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन में इंजीनियरिंग की शिक्षा ग्रहण की है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने अनुपमा आनंद को पुष्पगुच्छ देकर पदभार ग्रहण कराया।

# शहरों में पानी कटौती के एक माह पहले देनी होगी सूचना, केंद्र के एक्शन प्लान का है निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों यानी नगरीय निकाय क्षेत्र में अगर जल आपूर्ति विभाग पानी की नियोजित कटौती करता है, तो इस बारे में नागरिकों को एक माह पहले सूचना देनी होगी। इस संबंध में राज्य शहरी विकास अभिकरण (सूडा) ने प्रदेश के सभी नगर निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत को आदेश जारी कर दिया है।

अभी तक प्रदेश के नगरीय निकायों में यदि किसी भी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति प्रभावित रहती है, तो इसकी सूचना आमतौर पर दो-तीन दिनों पहले जारी की जाती है। चाहे वह किसी भी कारण से आपूर्ति प्रभावित क्यों न हो रही है, लेकिन नए आदेश के बाद एक महीना पहले नगरीय निकायों को विभागीय पोर्टल के माध्यम से यह सूचना सार्वजनिक करनी होगी कि किस तारीख को जल आपूर्ति प्रभावित रहने वाली है।

## सूडा ने जारी किया सभी निकायों के लिए आदेश

निकायों के पोर्टल पर देनी होगी सूचना




### अब जारी हुआ ये निर्देश

राज्य शहरी विकास अभिकरण सूडा ने प्रदेश के सभी निगम आयुक्तों और पालिका तथा नगर पंचायतों के सीएमओ को जारी निर्देश में कहा है कि निकाय क्षेत्र में नियोजित कटौती (रखरखाव एवं मरम्मत) की सूचना एक महा पूर्व नगरीय निकायों में संचालित पोर्टल अरबनसीजी डॉट जीओवी डॉट इन के माध्यम से देना प्रदान करना सुनिश्चित करें। इस निर्देश से छत्तीसगढ़ शासन वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, सभी संयुक्त संचालक क्षेत्रीय कार्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास रायपुर,बिलासपुर, दुर्ग, अंबिकापुर, एवं जगदलपुर को अवगत कराया गया है।

### केंद्र सरकार का है आदेश

एक माह पर सूचना देने का आदेश राज्य शहरी विकास अभिकरण ने इसलिए जारी किया है कि इस संबंध में भारत सरकार के बिजनेस रिफार्म एक्शन प्लान (बीआरएपी 2024) के अंतर्गत निर्देश दिए गए हैं। इस एक्शन प्लान के तहत जल आपूर्ति के संबंध में कई बिंदुओ के आधार पर नियोजित कटौती (रखरखाव एवं मरम्मत) की सूचना नागरिकों को एक माह पूर्व देने के निर्देश दिए गए हैं।

## मुख्यमंत्री साय यादव समाज से मांगें माफी : द्वारिकाधीश

# मुख्यमंत्री ने देवेंद्र को कहा लठैत, सियासत तेज कांग्रेस बोली- पूरे यादव समाज का अपमान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र यादव को लठैत कहने वाले बयान पर राजनीति तेज हो गई है। कांग्रेस ने इसे यादव समाज का अपमान बताया है और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को यादव समाज से माफी मांगने की मांग रखी है। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में कांग्रेस विधायक द्वारिकाघीश यादव ने यह आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के देवेंद्र यादव पर दिए बयान पर पलटवार करते हुए विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा, मुख्यमंत्री ने यादव समाज का अपमान किया है। विधायक देवेन्द्र यादव को लठैत कहना यादव समाज का अपमान है। मेरा मानना है कि साय ऐसा नहीं बोल सकते, उनसे डबल इंजन की सरकार ने यह बयान दिलवाया है। उन्होंने कहा, विधायक देवेन्द्र यादव लठैत नहीं, वे यदुवंशी हैं। अपने इस बयान के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय पूरे यादव समाज से माफी मांगें। यदि वे माफी मांगते हैं, तो हो सकता है कि उनकी पार्टी में जो आस्था-विश्वास रखते हैं, इसका लाभ उन्हें मिले। नहीं तो प्रजातंत्र में एक ही माध्यम है बटन।

### देश को जाति के नाम पर बांटने का आरोप

कांग्रेस विधायक द्वारकाधीश यादव ने कहा, भाजपा ने पहले देश को धर्म के नाम पर बांटा और अब जाति के नाम पर बांट रही है। कई जातियों को अपमानित किया जा रहा है। चरणबद्ध तरीके से सभी का अपमान किया जा रहा है। किसानों का भी अपमान किया गया है। सत्ता के अहंकार में वे लोग कुछ भी बोल रहे हैं। 400 पर का नारा दे रहे हैं। भाजपा यह समझ चुकी है कि हम प्रजातांत्रिक तरीके से सत्ता में वापस नहीं आ सकेंगे।

## भाजपा नेता बोले- मुख्यमंत्री द्वारा यादव समाज का अपमान करने का कांग्रेस झूठ और भ्रम फैला रही

**भाजपा नेताओं का कांग्रेस के बयान पर पलटवार**



छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप, भाजपा के वरिष्ठ नेता मधुसूदन यादव और भाजपा विधायक मोतीलाल साहू व गजेंद्र यादव ने संयुक्त वक्तव्य में कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय पर यादव समाज का अपमान करने के लगाए गए आरोप पर पलटवार करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश-प्रदेश के हर तबके का अपमान और उनके साथ छल करने वाली कांग्रेस के लोगों के मुंह से इस तरह का मिथ्या प्रलाप कतई शोभा नहीं देता। भाजपा नेताओं ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के पास चूंकि कोई मुद्दा नहीं रह गया है, इसलिए वो इस तरह का प्रलाप करके झूठ फैला रहे हैं, लेकिन प्रदेश का जनमानस और कोई भी समाज अब कांग्रेस के झांसे में नहीं आने वाला है। मधुसूदन यादव और दुर्ग के विधायक गजेंद्र यादव ने कहा, सच तो यह है कि नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने मोदीजी के विरुद्ध हिंसा के लिए उकसाया और यादव समाज को केवल लठैत और सतनामी समाज को केवल गाली देने वाला समाज कहा, उस पर शर्मिंदा होने या माफी मांगने के बजाये कांग्रेस द्वारा उल्टे बकवास करना घृणित और निंदनीय है। कांग्रेसियों को तब यादव और सतनामी समाज के अपमान की पीड़ा क्यों नहीं हुई जब नेता प्रतिपक्ष महंत ने कांग्रेस के ही पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के साथ ही एक विधायक का नाम लेकर उसे भी एक मजबूत लाठी धरैया और एक पूर्व विधायक का नाम लेकर उसे सिर्फ गाली दे सकने वाला बताया था। प्रदेश के विकास में अपना अहम योगदान करने वाले विभिन्न समाजों का सार्वजनिक मंचों से खुला अपमान करने वाले कांग्रेसियों यह दोहरा राजनीतिक चरित्र प्रदेश की जनता देख रही है, समझ रही है। वन मंत्री केदार कश्यप ने कहा, हार कर लौटती हुई सेना की तरह कांग्रेस अब सब कुछ ध्वस्त और नष्ट कर देना चाहती है। कांग्रेस अब सभ्यता, संस्कृति, शालीनता और सभी मर्यादाओं को घोटकर पी गई है। सच तो यह है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का एक सौम्य और सहज आदिवासी चेहरा कांग्रेस को शूल की तरह से चुभ रहा है। कांग्रेसियों के इस कष्ट का कोई इलाज नहीं है।

## 21 को आएंगी प्रियंका गांधी, कांकेर और राजनांदगांव में सभा

**रायपुर।** एआईसीसी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ के कांकेर और राजनांदगांव में चुनावी सभा को संबोधित करेंगी। पूर्व में उनका कार्यक्रम 20 अप्रैल को तय किया गया था। कार्यक्रम में संशोधन करते हुए उसे एक दिन आगे बढ़ाकर 21 अप्रैल कर दिया गया है। दूसरे चरण में इन दोनों सीटों पर मतदान होना है।



कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में अब तक राहुल गांधी की एक सभा बस्तर में हुई है। दूसरे चरण के लिए उनकी मांग कई लोकसभा क्षेत्रों में की जा रही है। वहीं प्रियंका गांधी की सभा कराने कांग्रेस के प्रत्याशियों ने समय मांगा है। पूरे देश में होने वाले चुनाव में उनका अधिकतर दौरा तय होने के कारण यहां पर समय नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की सभा महासमुंद में कराने को लेकर कार्यक्रम तय किया जा रहा है। वहीं तीसरे चरण के लिए कांग्रेस का प्रचार 19 अप्रैल के बाद जोर पकड़ेगा।

## चैंबर भवन में पहले मतदान फिर दुकान अभियान की शुरुआत

**रायपुर।** प्रदेश में 3 चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजधानी के बांबे मार्केट स्थित चैंबर भवन में सोमवार को पहले मतदान फिर दुकान अभियान की शुरुआत जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार ने की। इस मौके पर प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों को लोकतंत्र के महापर्व में अपने मताधिकार का प्रयोग कर दूसरों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने संदेश दिया गया। अभियान में शामिल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप और असिस्टेंट कलेक्टर अनुपमा आनंद की उपस्थिति में व्यापारियों को शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी ने प्रदेशभर के व्यापारियों को परिवार और कर्मचारियों सहित मताधिकार का प्रयोग करने आव्हान किया।

## छत्तीसगढ़ में बनी 196 किलोमीटर लंबी पीएम ग्रामीण सड़क, अब होगी जांच, आएंगे गुणवत्ता समीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2023-24 के दौरान प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत 196 किलोमीटर लंबाई वाली सड़कें बनाई गई हैं। अब केंद्र सरकार के गुणवत्ता समीक्षक यहां आकर सभी सड़कों की जांच करेंगे। बताया गया है कि 2023-24 के लिए राज्य में कुल 1820 किलोमीटर लंबी सड़कें स्वीकृत की गई थी, लेकिन अब कर 196.333 किलोमीटर सड़कों का निर्माण पूरा हो पाया है। छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़कों के गुणवत्ता निरीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक इस महीने राज्य के दौरे में रहेंगे । राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सालवे विवेक भाऊराव सरगुजा, रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा, राम प्रकाश सिंह कोण्डागांव एवं नारायणपुर, बिमल कुमार टिक्कू बीजापुर एवं सुकमा जिलों का दौरा करेंगे।




प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत छत्तीसगढ़ में निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक आगामी कुछ महीने में प्रदेश के दौरे पर रहेंगे।

### मई में होगी पूरे राज्य में गुणवत्ता जांच

राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण के राज्य गुणवत्ता समन्वयक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक सालवे विवेक भाऊराव सरगुजा, रायगढ़ एवं जांजगीर चांपा, राम प्रकाश सिंह कोण्डागांव एवं नारायणपुर, बिमल कुमार टिक्कू बीजापुर एवं सुकमा जिलों का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता परीक्षण के लिए मई 2024 में सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगे। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण नई दिल्ली के निरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों के गुणवत्ता परीक्षण के लिए राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षकों का दौरा कार्यक्रम साल 2024 लिए निर्धारित किया जा चुका है।

## हेलीकाप्टर से नहीं घूम रहे इसलिए विपक्ष नजर नहीं आ रहा

**भाजपा 150 सीटों में सिमटकर रह जाएगी : बैज**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने प्रदेश में विपक्ष के नजर नहीं आने के सवाल पर कहा, हम हेलीकॉप्टर में नहीं घूम रहे, इसलिए शायद विपक्ष नजर नहीं आ रहा। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस, बीजेपी से अधिक सीट जीतेगी। भाजपा 150 सीटों में सिमटकर रह जाएगी। जनता उनके झूठ को समझ चुकी है। अपने निवास में संवाददाताओं से चर्चा में भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर उन्होंने कहा, भाजपा के घोषणापत्र में देश के युवाओं के लिए नौकरी का जिक्र नहीं है। महिलाओं, महंगाई, किसानों कोई जिक्र नहीं है। भाजपा ने चुनावी हार मान ली है, घोषणापत्र एक ढकोसला है। हमारे घोषणापत्र में युवाओं, किसानों, महिलाओं के लिए बहुत कुछ है। यह देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा देगा।

### सत्ता के लालच में कर रहे भाजपा प्रवेश

कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में जाने वालों को लेकर उन्होंने कहा, कुछ लोग सत्ता के लालच में जा रहे हैं। कांग्रेस पार्टी को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। पूर्व सीएम भूपेश बघेल की भाभी के बीजेपी प्रवेश पर कहा, भाजपा से आई थीं, भाजपा में चली गईं।

## स्वास्थ्य की दिशा में कांग्रेस का वादा बेहतर भाजपा का घोषणापत्र ठगने वाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा, केंद्र की मोदी सरकार के विगत 10 वर्षों में देश में स्वास्थ्य सेवा बदहाल हुई है। सीएजी की रिपोर्ट में प्रमाणित हुआ है कि आयुष्मान योजना के नाम पर हजारों करोड़ के घपले, घोटाले किये गये। लोकसभा चुनाव के लिए दोनों प्रमुख राष्ट्रीय पार्टियों का घोषणापत्र जारी हो चुका है। स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषय पर जहां कांग्रेस पार्टी ने 19 महत्वपूर्ण वादे किये हैं, वहीं भाजपा ने केवल तीन वायदे किए हैं। भाजपा अपने संकल्प पत्र में भी आम जनता को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने की दिशा में कोई ठोस वादा करने में नाकाम रही।

कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में संवाददाताओं से चर्चा में डॉ. गुप्ता ने कहा, भाजपा के घोषणापत्र में स्वास्थ्य सेवा के संबंध में केवल पुराने वादे ही हैं, जो पूर्व में भी पूरे नहीं हुये। एम्स में डॉक्टर, नर्स, तकनीशियनों के लगभग 45 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त हैं, मोदी सरकार ने भर्तियां रोक रखी हैं,



जिसका नुकसान मरीजों को उठाना पड़ रहा है। आजादी के बाद से ही कांग्रेस की सरकारों में कई तरह के टीके निःशुल्क लगवाने की व्यवस्था थी। मोदी सरकार ने तो वैक्सीन निर्माता कंपनी से चुनावी बांड वसूले, मोदी सरकार में दवाओं की गुणवत्ता को लेकर भी लगातार सवाल उठते रहे हैं। मोदी सरकार ने स्वास्थ्य के बजट में भी लगातार कटौती की है। भाजपा के चुनावी घोषणापत्र में भी स्वास्थ्य सेवा की उपेक्षा स्पष्ट तौर पर दिख रही है। आयुष्मान कार्ड से इलाज अघोषित रूप से बंद है, भुगतान नहीं मिलने से कई अस्पताल मरीजों को बिना इलाज के लौटा रहे हैं। भाजपाई बतायें कि देश की जनता को स्वास्थ्य सेवा के अधिकार से क्यों वंचित रखा जा रहा है?

### कांग्रेस ने किए ये वायदे

कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने बीजेपी और कांग्रेस के घोषणापत्र में स्वास्थ्य योजनाओं को लेकर किए वादे पर कहा, कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में कई महत्वपूर्ण बातों का वादा किया है। इसमें बच्चों का सौ प्रतिशत टीकाकरण समेत पैरामेडिकल स्टाफ और जरूरी स्टाफ की भर्ती करने का वादा किया गया है, जो बहुत महत्वपूर्ण है। इससे नए मेडिकल कॉलेज खोलने की भी अनुमति मिलेगी। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में सभी चिकित्सा प्रणाली को प्रोत्साहित करने का भी वादा किया है। दवाइयों की गुणवत्ता और दाम को लेकर कांग्रेस ने बहुत महत्वपूर्ण बिंदु उठाया है। बच्चों का शत प्रतिशत टीकाकरण कराने का वादा किया है।

# मुख्यमंत्री को बाबा आंबेडकर की तस्वीर भेंट कर किया सम्मान



**रायपुर।** आंबेडकर अधिकार मंच के पदाधिकारियों ने राजधानी रायपुर की 134 झुग्गी बस्तियों और बीएसयूपी कॉलोनियों में संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती मनाई। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भारत के संविधान की रक्षा और संविधान के पालन करने का संकल्प लिया। इस दौरान घड़ी चौक स्थित आंबेडकर जयंती कार्यक्रम में सामाजिक नेता, अधिवक्ता भगवानू नायक ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव को डॉ. आंबेडकर की तस्वीर भेंटकर उनका सम्मान किया।

### विधायक मिश्रा ने अर्पित की पुष्पांजलि

**रायपुर।** सामाजिक संस्था आंबेडकर अधिकार मंच द्वारा कोटा वार्ड में धूमधाम से आंबेडकर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा आंबेडकर जयंती में राजधानी के कोटा में पहुंचे और सर्वप्रथम कोटा रेलवे क्रॉसिंग स्थित नवनिर्मित बाबा आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा, भारत का संविधान लिखकर बाबा साहब आंबेडकर ने देश के लिए ऐतिहासिक और महान कार्य किया, जिसके लिए हम सभी उनके हमेशा आभारी रहेंगे। डॉ आंबेडकर गरीबों की बुलंद आवाज और सामाजिक न्याय के पैरोकार थे।



## मुस्लिम समाज ने मनाई डॉ. आंबेडकर जयंती



**रायपुर।** मुस्लिम समाज द्वारा संविधान के रचयिता बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती के मौके पर पुष्पमाला पहनाकर सभी सामाजिक बंधुओं को बधाई दी गई। सभी मुस्लिम समाज के पदाधिकारियों ने शिरकत की, जिसमें मुख्य रूप से एजाज कुरैशी, अफरोज ख्वाजा, अली हफिल, अब्दुल कादिर, तौफिक खान, शब्बीर खान, मोहम्मद सलीम, अब्दुल हक, तसव्वर अली, शेख दानिश, हाजी अजीम, सैय्यद नावेद अशरफ, शहबाज राजा, नाहिद काफ, मो. रियाज, दिलशाद खान, तारीख, शेख अकरम, शेख जमील, जावेद चौहान, हसीब अख्तर, अलीम रजा, आरिफ रजा, मोहम्मद आरिफ, मोहम्मद निशाद, जावेद अख्तर आदि शामिल थे।

## महिलाओं और मजदूरों को न्याय योजना की दी जानकारी

# कांग्रेस का पश्चिम विधानसभा में जनसंपर्क एवं सभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लोकसभा प्रत्याशी विकास उपाध्याय ने खमतराई ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में जाकर जनसंपर्क किया। वहां के बाजार में सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की और महिलाओं को नारी न्याय गारंटी के बारे में बताया। यहां के वीर शिवाजी वार्ड, कन्हैयालाल बजारी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड, दानवीर भामाशाह वार्ड, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, रामकृष्ण परमहंस वार्ड में जनसंपर्क और कई जगहों पर सभाएं भी की।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कांग्रेस का प्रचार किया और घर-घर जाकर कांग्रेस का पंप्लेट भी बांटा। उन्होंने मजदूरों से भी मुलाकात की और उनको श्रमिक न्याय गारंटी के बारे में बताया। विकास उपाध्याय का महिलाओं ने आरती उतार कर स्वागत किया। वार्ड में उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक भी ली और कांग्रेस की महत्वपूर्ण घोषणा को अधिक से अधिक घरों में पहुंचने की बात भी कही। उनके साथ शहर अध्यक्ष गिरीश दुबे, शिव सिंह ठाकुर, पार्षद श्रीकुमार मेनन, सुंदर जोगी, अनु राम साहू, वारेन साहू, वंदना राजपूत, सुनील देवांगन, आकाश दीवान रानी वर्मा सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भाजपा जिला कार्यालय में मनाई गई डॉ अंबेडकर जयंती

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के जुंगेरा स्थित जिला कार्यालय में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। इस अवसर पर अतिथियों ने डॉ अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री बिहार शासन व लोकसभा चुनाव प्रभारी छत्तीसगढ़ नितिन नबीन, लोकसभा चुनाव प्रबंधन समिति के प्रांतीय संयोजक शिवरतन शर्मा, संभाग प्रभारी रजनीश सिंह, पूर्व विधायक बेलतरा विधानसभा, लोकसभा कलेक्टर से प्रभारी यशवंत जैन, लोकसभा सह संयोजक यज्ञदत्त शर्मा, बालोद जिले के जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, डौंडीलोहारा विधानसभा के प्रभारी राजेश ताम्रकार, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, जिला महामंत्री द्वय राकेश छोटू यादव, चमन देशमुख, राकेश यादव, जिला उपाध्यक्ष नरेश यदु, त्रिलोकी साहू, संध्या भारद्वाज, ठाकुर राम चंद्राकर, जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा, जिला मंत्री डिशोक जांगड़े, कृतिका साहू, पूर्व कोषाध्यक्ष मोहन जैन, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष शीतल नायक, देवेंद्र माहला, होरीलाल रावटे सहित पार्टी के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### श्रीराम नवमी महोत्सव व शोभायात्रा कल

**पाटन।** पाटन नगर में 17 अप्रैल को श्रीराम नवमी महोत्सव एवं विशाल शोभायात्रा का आयोजन शाम 4 बजे से श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण, पाटन में आयोजित किया गया है। जिसमें महाआरती एवं प्रसादी वितरण शाम 7 बजे होगा। स्थान शीतला मंदिर, पुराना बाजार चौक पाटन, श्रीराम भक्त शोभायात्रा को आपके घर व प्रतिष्ठान के पास पहुंचने पर भगवान श्रीराम जी का स्वागत एवं पूजा कर आशीर्वाद प्राप्त करने सादर आमंत्रित है।

# महुए के उत्पादन पर मौसम का असर, समर्थन मूल्य से डेढ़ गुनी कीमत पर खरीद रहे व्यापारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले का एक तिहाई भाग वनांचल क्षेत्रों से घिरा हुआ है, जिसके कारण वनांचल क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए आज भी जंगलों से प्राप्त वन सम्पदा जीवन-यापन का बड़ा माध्यम है। लेकिन, जिले में इस वर्ष महुआ की आवक पिछले वर्षों की अपेक्षा बहुत ही कम है। इसके कारण ग्रामीण अंचल के लोग इस वर्ष मायूस नजर आ रहे हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा लघुवनोपज के तहत महुआ की खरीदी करने का आदेश है, लेकिन महुआ की आवक कम होने के कारण बाजार में उसका मूल्य समर्थन मूल्य से ढेड़ गुना से भी अधिक है। इसलिए ग्रामीण समिति के स्थान पर बाजार में महुआ बेच रहे हैं। वहीं, इस बार उत्पादन कम होने के कारण, ग्रामीणों में भी महुआ संग्रहण को लेकर उत्साह का माहौल नहीं है। पहले ग्रामीण देर रात उठकर जंगलों में जाकर महुआ इकट्ठा करने लगते थे, लेकिन इस बार कुछ ग्रामीण ही सुबह से महुआ की तलाश में जंगलों में जुटे नजर आते हैं।

■ उत्पादान कम होने से ग्रामीण निराश

ग्राम नारागाँव निवासी केवल उइके ने बताया कि बेमौसम बारिश और बदली के कारण महुआ की फसल कम हुई है। इसलिए इस बार आमदनी भी कम हो रही है। इसके कारण रोजगार गारंटी के कार्यों में जाकर रोजी मजदूरी करनी पड़ रही है।

### समिति की जगह व्यापारियों को महुआ बेच रहे ग्रामीण



#### खरीदी में रूचि नहीं ले रही वन धन समिति

महुआ का उत्पादन होने के कारण बाजार में महुआ का मूल्य आसमान पर पहुँच चुका है। वर्तमान में व्यापारी 40 से 45 रूपये प्रति किलो की दर से महुआ खरीद रहे हैं, जबकि शासन का समर्थन मूल्य बहुत ही कम 30 रूपये है। इसलिए ग्रामीण वन धन समिति को महुआ बेचने की जगह, व्यापारियों को बेच रहे हैं। हालांकि इस वर्ष 1000 क्विंटल महुआ खरीदी का लक्ष्य वन विभाग ने रखा है, लेकिन समिति द्वारा महुआ खरीदी अब तक शुरू नहीं की गई है।

## प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# भगवान श्री कृष्ण की अष्टधातु से निर्मित प्रतिमा स्थापित करेगा ठेठवार समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज की बैठक में कई निर्णय लिए गए। बैठक का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण व आरती के साथ किया गया। प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु ने बैठक के उद्देश्य व अष्टधातु मूर्ति निर्माण के लिए कार्ययोजना की जानकारी दी। रामसिंह यादव, परमानंद यादव संतोष यदु, बसंत यदु विमल यदु हरिराम यदु, भोजराम अहीर, भगत एवं सामाजिक जनों ने अपने विचार रखे। प्रदेश उपाध्यक्ष नागेश यदु ने बैठक की बिंदुओं को रखते हुए विचार आमंत्रित कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किये।

■ ठेठवार यादव समाज महासभा के शताब्दी वर्ष 2026 में की जाएगी प्रतिमा की स्थापना

ठेठवार यादव समाज महासभा का शताब्दी वर्ष 2026 में पूर्ण होने जा रहा है। शताब्दी वर्ष को ऐतिहासिक बनाने श्री कृष्ण भगवान की अष्टधातु से मूर्ति निर्माण कर स्थापना करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया है। महासभा मुख्य कार्यकारी महिला प्रकोष्ठ युवा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक आयोजित कर संचालन समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक परिवार के सभी सदस्यों से अष्ट धातु दान लेने का निर्णय लिया गया। अष्ट धातु मूर्ति निर्माण हेतु समर्पण राशि एकत्रित करने प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के खाते में राशि जमा करने प्रस्ताव पारित किया गया। अष्ट धातु का संग्रहण कर गाँव से पार, पार से राज और राज से प्रदेश स्तर तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया। प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु ने बताया कि बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि प्रत्येक राज, पार में जन जागरण जागरुकता अभियान के लिए प्रवास समिति बनाई जाएगी। अष्टधातु संग्रहण पूर्व बैठक में लिए प्रस्ताव अनुसार चैत्र नवरात्र पर 9 अप्रैल से प्रारंभ किया जा चुका है। अंतिम तिथि 15 जून तक राज पार जिला ईकाईयों द्वारा धातु संग्रहित कर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ यादव ठेठवार समाज महासभा को धातु समर्पण करने की अंतिम तिथि 7 जुलाई रथयात्रा को निर्धारित किया गया है।





### बालोद जिले से ये हुए शामिल

बालोद जिला अध्यक्ष छगन यदु, अध्यक्ष बालोद राज नरेन्द्र यादव, संजारी राज डा उतम यादव, डौंडीलोहारा राज केशव यादव, अध्यध गुंडरदेही राज बिरेन्द्र यादव, पवन यादव, उपाध्यक्ष बालोद राज ताम्रध्वज यादव, चाणक्य यादव, रामस्वरुप यदु, संतोष यदु सहित स्वजातीय जन ने इस शुभ कार्य के लिए पूर्ण सहयोग करने की बात कही। वहीं, देवरी बंगला से डॉ एसके यदु ने कहा कि शताब्दी वर्ष को हर्षोल्लास उल्लास पूर्वक मनाने व ऐतिहासिक कार्य प्रदेश में पहला अनुकरणीय कार्य होगा, जो पूरे प्रदेश के लिए अष्टधातु की मूर्ति निर्माण हेतु घर घर जाकर धातु संग्रहण कर सभी के सहयोग से मूर्ति निर्माण करना सौभाग्य की बात है।

### 19 मई को राजिम में होगी बैठक

आगामी बैठक 19 मई रविवार को प्रदेश मुख्यालय राजिम में प्रदेश अध्यक्ष महासभा गुलेन्द्र यादव के सहमति से महासभा कार्यकारिणी, महिला प्रकोष्ठ, प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ की संयुक्त बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बालोद जिले में भी भगवान श्री कृष्ण की अष्टधातु से मूर्ति निर्माण को लेकर बहुत उत्साह है। बैठक में प्रदेश संरक्षक रामसिंह यादव, प्रदेश सलाहकार बलराम यादव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद यादव, प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु, प्रदेश उपाध्यक्ष नागेश यदु, रायपुर राज अध्यक्ष संतोष यदु, रामजीवन, प्रदेश संगठन मंत्री बसंत यदु, प्रदेश संगठन मंत्री विमल यदु, प्रदेश मीडिया प्रभारी शशिकांत यदु, प्रदेश प्रचार मंत्री पुरुषोत्तम अहिर सहित सभी राज अध्यक्ष सहित समाज के विभिन्न क्षेत्रों के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# अपना रक्त देकर लोगों की जान बचाना पुण्य का काम : साव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुंदा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव एवं विधायक रिकेश सेन अपने भिलाई दौरा के दौरान रक्तवीरों से मिलने रामनगर कांट्रैक्टर कॉलोनी रोड स्थित सन्ना ब्लड एंड कॉम्पोनेंट सेंटर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने रक्तवीरों से मिलकर प्रसन्नता कर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि सच्चे अर्थों में आप लोग ही सच्चे समाजसेवी हैं, जो अपना रक्त देकर लोगों की जान बचाने का पुण्यकाम करते हैं। इस दौरान उपमुखमंत्री अरुण साव ने कहा कि युवा समाजसेवी प्रेम किशन साहू, रक्तवीर सुरज साहू व उनकी टीम रक्तदान के क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रही है। जरूरतमंद लोगों के लिए युवाओं को आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सबसे कठिन काम रक्त की व्यवस्था है। कहीं किसी का सड़क दुर्घटना हो जाए या किसी गंभीर मरीजों की जान जाने वाली रहती है और अचानक उनके परिजन को रक्त लाने के लिए कहा जाता है, तो परिजन परेशान हो जाते हैं कि अचानक हम रक्त की व्यवस्था कहां से करें। ऐसे में खून के अभाव में किसी की जान न चली जाए, इसलिए ये रक्तवीर ब्लड बैंक में अपना रक्त पहले से दान कर जमा कर के रखते हैं, ताकि समय रहते जरूरतमंदों को खून मिल जाए और उनकी जान बचाई जा सके। इस दौरान संरक्षक साहू समाज भिलाई नगर तुलसी साहू, साहू समाज वरिष्ठ पदाधिकारी विजय साहू, भाजपा नेता इंजी प्रेम, फाउंडर रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब छत्तीसगढ़ किशन साहू, संरक्षक युवा प्रकोष्ठ साहू संघ सूरज साहू, फाउंडर रेड ड्रॉप युवा प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव छत्तीसगढ़ भोला साहू, पार्षद प्रदेश उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ साहू संघ गोपेश साहू, फाउंडर रेड ड्रॉप अखिलेश तिवारी, फाउंडर रेड ड्रॉप मुकेश अग्रवाल, लक्ष्मी साहू पार्षद, डॉ दिनेश साहू, विधायक प्रतिनिधि, जिला उपाध्यक्ष भाजपा पुरषोत्तम देवांगन, संतोष मिश्रा, धर्मेंद्र लक्ष्मी दिवाकर, पार्षद नोहर वर्मा सहित अनेक रक्तदाता तथा भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

■ उपमुख्यमंत्री ने भिलाई में रक्तदाता युवाओं से की मुलाकात, बढ़ाया उत्साह

## बारिश...



**भिलाई।** सोमवार को अचानक मौसम ने करवट बदली। उमस और तेज धूप के बीच गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। बदली छाने से मौसम खुशगार हो गया और लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। पिछले हफ्ते भर से रोज शाम को बरसात हो रही है। कल भी हल्की बारिश होने की संभावना है।

# ब्राउन शुगर की तस्करी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



जिले में नशे के बड़े सौदागरों के खिलाफ पुलिस बड़ी कार्रवाई करते हुए महिला ड्रग पैडलर और तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि थाना पदमनाभपुर पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि नागपुर महाराष्ट्र निवासी ड्रग पैडलर चंदा ठाकुर अपने दामाद मनोज राहंगडाले और चालक यासीन शेख के साथ दुर्ग शहर में नशे का कारोबार फैलाने दुर्ग पहुची है। पुलिस ने तुरंत ग्रीन चौक निवासी प्रेम ठाकुर को ब्राउन शुगर का पुडिया बेच रहा था। पुलिस को देख आरोपी साक्ष्य मिटाने और फरार होने की फिराक में था। उसे और नागपुर की महिला ड्रग पैडलर को पुलिस ने केन्द्रीय जेल दुर्ग केन्टीन के पास घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। जिसमें इतवारी रेलवे स्टेशन नागपुर निवासी चंदा प्रदीप ठाकुर, मनोज राहंगडाले, ,कलमना बस्ती चित्रशाला नगर नागपुर महाराष्ट्र यासीन शेख को गिरफ्तार किया।

### पेज 9 का शेष...

पेज 9 का शेष...

#### रामनवमी आज...

विवाह की रोकथाम के उपाय, बाल विवाह के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभाव, शिशुओं में कुपोषण, मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि के संबंध में जानकारी दी जाए। इस संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सी.पी.शर्मा ने सभी परियोजना अधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाईन की बैठक लेकर सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सचेत रहने एवं प्रचार-प्रसार के लिए निर्देशित किया है। बाल विवाह रोकथाम के लिए व्यापक प्रचार प्रसार, दीवारों पर नारा लेखन, पॉपलेटस का वितरण, शालाओं एवं आंगनबाड़ी के केन्द्रो के बच्चों द्वारा बाल विवाह रोकथाम रैली, बाल विवाह रोकथाम के उपाय, बाल विवाह का समाज पर प्रभाव, बाल विवाह एवं कुपोषण आदि विषयों पर शालाओं में वाद-विवाद एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा सकता है। बाल विवाह की रोकथाम के लिए सूचना तंत्र का प्रभावी होना अत्यंत आवश्यक है। जिले में कहीं पर भी बाल विवाह तय होने की सूचना मिलते ही प्रशासन को संबंधित परिवार को समझाइस देकर बाल विवाह रोकना है एवं बाल विवाह कि जानकारी प्राप्त होने पर चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के संपर्क कर सूचना दी जा सकती है।

# परिवार के सदस्यों के साथ बैठना, बात करना व उन्हें समझना बहुत जरूरी : संत ऋषभ सागर

**बालोद।** परिवार में तनाव और बिखराव की स्थिति क्यों बनती जा रही है। इस विषय को लेकर संत ऋषभ सागरजी म.सा का 5 दिवसीय शिविर महावीर भवन में चल रहा है। शिविर के प्रथम दिन उन्होंने कहा कि परिवार में सभी सदस्यों की मानसिक स्थिति अलग अलग होती है, उसे समझे बिना उनकी मानसिकता के विपरीत अपने विचार या प्रभाव उन पर थोपने से उनके मन में नकारात्मक भावों की वृद्धि होती है। यही नकारात्मक भाव परिवार में तनाव का कारण बनता है। दूसरे हम बिना सोचे समझे परिवार के ही सदस्यों की गलत शब्दों के साथ आलोचना करने लगते हैं, परिवार के सदस्यों के साथ बैठना, उनकी भावनाओं को समझना, इसके लिए हमारे पास समय नहीं होता। कहने को तो हम कह देते हैं, कि सब कुछ परिवार के लिये ही तो कर रहे हैं, लेकिन उन्हें जिस चीज की ज्यादा आवश्यकता होती है, हम वो दे नहीं पाते। क्वालिटी टाइम, प्रेम, विश्वास, सहयोग आदि के द्वारा ही परिवार में समन्वय बनाया जा सकता है। **श्रेष्ठ ही नहीं, श्रेष्ठतम चुनें-** संत श्री ने कहा कि एक माली की तरह परिवार रूपी पौधों को सींच कर मजबूत पेड़ बनाना होगा, जिससे कि वह आंधी तूफान का भी सामना कर सके। उन्होंने कहा कि हमें जीवन में श्रेष्ठ ही नहीं, श्रेष्ठतम चुनना चाहिए, जिससे कि समस्याएं आये ही नहीं और आ भी जाये, तो उसका शांतिपूर्वक समाधान निकला जा सके। उक्त सभी बातों के लिए विचार धारा सकारात्मक होना आवश्यक है।



# विधानसभा समन्वयक टेकाम ने की भाजपा को जिताने की अपील



**डौंडीलोहारा।** मंगलवार को समीप के ग्राम कामता में महतारी वंदन योजना का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमे पी.एम.विश्वकर्मा योजना के विधानसभा समन्वयक युवराज लाल निवेंद्र सिंह टेकाम,सह संयोजक हरेश्वर सिन्हा, बुथ अध्यक्ष सरजू सिन्हा, बूथ सचिव बुधराम कुंजाम, हरीश बर्मन,निखिल शर्मा तथा सभी पन्ना प्रमुख व सभी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता सैकड़ों की संख्या में माता बहनें उपस्थित रहे। श्री टेकाम ने लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी भोजराज नाग को वोट दे कर भारी मतों से विजयी बनाकर केंद्र में श्री मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की गारंटी के तहत महतारी वंदन योजना में सभी महिलाओं को 1000 रुपए दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने बारे में नहीं, बल्कि हमारे पूरे देश तथा यहां के हर एक नागरिकों के बारे में सोचते हैं, जिसकी कल्पना भी कांग्रेस पार्टी नहीं कर सकती।

## जनवादी यूनियन की बैठक में मांग

# सफाई कामगारों को मिले न्यूनतम मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगरीय निकाय जनवादी सफाई कामगार यूनियन भिलाई निगम में नियोजित प्लेसमेंट सफाई कामगारों की बैठक संपन्न हुई । डां. अम्बेडकर के योगदान को याद कर हक अधिकार लड़ते रहने का संकल्प लिया गया।

कामगारों की समस्याओं के निराकरण करने कि मांग की गई। छत्तीसगढ़ शासन के श्रम विभाग द्वारा शासकीय विभागों एवं 45 नियोजनों में कार्यरत कामगारों के लिए हर छमाही में न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत 1आप्रेल 2024 से 30 अक्टूबर 2024 तक मासिक न्यूनतम मजदूरी का निर्धारण करने की मांग की। बैठक में बताया कि नगरीय निकायों से सेवानिवृत्त होने वाले प्लेसमेंट कामगारों के पेंशन प्रकरण निपटने एवं उपादानों की भुगतान में लापरवाही बरतने, 4000 श्रम सम्मान भुगतान हेतु उदासीन, पिछली सरकार द्वारा गैर कानूनी तरीके से छंटनी किये गए प्लेसमेंट कामगारों की बहाली, वेतन कटौतियां,स्वस्थ सुरक्षा, कार्य समाग्री आदि समस्याओं का निराकरण पर लगातार शासन, प्रशासन को याद दिलाया जा रहा है लेकिन स्थानीय निकायों की ओर से ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है। इससे कामगार आक्रोश है और आंदोलन के बाद निदान नही हो रहा है। बैठक में कलादास डहरिया, मनोज कोसरे, मोतम भारती, कृष्णा,जगनू,राजू,मैना, कुंती,नेमन, दिलेश्वर आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### कांग्रेस की सेक्टर स्तर पर बैठकें जारी

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा प्रभारी टिकेश्वर लाल देशमुख एवं ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर, मुकुंद भाऊ तथा जोन एवं सेक्टर प्रभारियों व्दारा कांग्रेस के दुर्ग लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र साहू के लिए सेक्टर स्तर पर बैठकें ली जा रही हैं। देशमुख ने बताया कि क्षेत्र में परिवर्तन का महौल हैं। विगत पांच वर्ष में क्षेत्र में सांसद व्दारा कार्य नही की जाने के साथ-साथ एवं पांच वर्ष में उपस्थिती शून्य होने के कारण जनता में परिवर्तन का रूझान हैं। विगत दिनों पिपरछेडी, नगपुरा सेक्टर की बैठक मालूद में और रसमडा सेक्टर की बैठक पिपरछेडी में सहित निकुम, अंडा, रिसामा, खम्हरिया, पाऊवारा, चंदखुरी आदि क्षेत्रों में सघन बैठकर जारी हैं। इसी के तहत जोन 1 के प्रभारी रिवेंद्र यादव, रोहित साहू, कृष्ण देवांगन, सेक्टर प्रभारी मुकुंद पारकर, लालजी गुप्ता, रिझन ठाकुर, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, सरपंच ममता भागवत साहू, सरपंच बालकिशन ठाकुर, पूर्व सरपंच कचरा बाई ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें सभी बूथ अध्यक्ष सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे तथा घर-घर संपर्क अभियान की शुरुआत मालूद से किया गया।

### चाय पे हुई चर्चा



**गुण्डरदेही।** भाजपा मंडल गुण्डरदेही के सतमरा शक्ति केंद्र के सियनमरा में पाकेट मीटिंग रखा गया था, मीटिंग में चाय पे चर्चा व वरिष्ठजनों का श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया। इसमें लेखराम साहू, गुण्डरदेही मंडल अध्यक्ष दुष्यंत कुमार सोनवानी, महामंत्री सौरभ चोपड़ा, किसान मोर्चा के मण्डल अध्यक्ष टीका राम निषाद, मोपेंद्र साहू, शक्ति केंद्र संयोजक पन्ना लाल साहू, सह संयोजक भोजराम साहू व बूथ अध्यक्षगण उपस्थित थे।

### गांव-गांव पहुंच रहीं विधायक संगीता, कांग्रेस के लिए मांग रहीं वोट



**गुरूर।** विधायक संगीता सिन्हा लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी बीरेस ठाकुर के पक्ष में लगातार चुनाव प्रचार कर रही हैं। इस बीच श्रीमती सिन्हा क्षेत्र के खैरताई, जुंगेरा, कोहंगाटोला, रेवती नवागांव, घुमका, धौराभाठा, खुर्सीपार, मनौद, तरौद, खेरथाडीह, अमलीडीह, दैहान, रामनगर, रानीतराई पहुंचीं। वहां उन्होंने आम जनता से मुलाकात की तथा कांग्रेस प्रत्याशी बीरेस ठाकुर के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने रोजगार गारंटी चल रहे जगहों में पहुंचकर कार्य में लगीं महिलाओं से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस द्वारा किए गए वादों की जानकारी दी।

# चुनाव से संबंधित सभी जानकारियां मिलेगी केवल एक क्लिक में, करें यह एप डाउनलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सूचना प्रौद्योगिकी का बेहतर इस्तेमाल कर इस बार लोकसभा चुनाव में आयोग द्वारा मतदाताओं को घर बैठे मतदान की अपडेट देने की तैयारी है। इसके लिए आयोग ने 7 महत्वपूर्ण ऐप लॉन्च किए हैं, जिसके चलते मतदाता घर बैठे चुनाव के दिन दो-दो घंटे का हाल और अपने प्रत्याशियों से जुड़े लेखा-जोखा को एक क्लिक पर देख सकेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा इन एप का अधिक से अधिक प्रचार किए जाने के निर्देश दिए हैं । आयोग का उद्देश्य है कि प्रौद्योगिकी आधारित मोबाइल एप्स विकसित कर मतदाताओं को भी निर्वाचन प्रक्रिया का हिस्सा बनाया जाए। आयोग द्वारा विकसित विभिन्न मोबाइल एप्स के उपयोग से मतदाताओं की निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागिता और सुविधा दोनों बढ़ेगी।

**सभी के लिए वोटर हेल्पलाइन एप :** वोटर हेल्पलाइन एप से मतदाता अपने मतदाता परिचय पत्र एपिक नंबर डालकर अपने विधानसभा पोलिंग बूथ एवं मतदाता सूची में सरल क्रमांक पता कर सकते हैं। यदि एपिक नंबर नहीं मालूम है तो मतदाता अपना विवरण जैसे नाम, रिश्तेदार का नाम, उम्र, लिंग एवं निर्वाचन क्षेत्र की जानकारी भरकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। मतदाता अपना एपिक भी डाउनलोड कर सकता है। इस ऐप के जरिए मतदाता अपना नाम जोड़ने, विलोपन, स्थानांतरण या संशोधन के लिए आवेदन भी कर सकते हैं।

## हर 2 घंटे की मिलेगी जानकारी, देख सकेंगे प्रत्याशियों का लेखा-जोखा

### प्रत्याशियों की सारी जानकारी मिलेगी

नो यूअर क्रेडिटेड ऐप से मतदाता निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । मतदाता अपने लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों की शिक्षा, संपत्ति, आपराधिक रिकॉर्ड आदि की जानकारी इससे प्राप्त कर सकता है। नो यूअर कैंडिडेट ( केवाईसी) ऐप से मतदाताओं को निर्वाचन के लिए सही प्रत्याशी का चयन करने में मदद मिलती है।

**दिव्यांगों के लिए सक्षम मोबाइल एप :** इस ऐप के जरिए दिव्यांग मतदाताओं को निर्वाचन के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान करने का प्रयास किया गया है इस ऐप में स्क्रीन रीडर टेक्सचर टू स्पीच सेवा दृश्यता संवर्धन रंग संयोजन जैसी सुविधाएं भी एप के जरिए पंजीकरण की प्रक्रिया से लेकर मतदान के दिन पिंक एंड ड्रॉप सुविधा का लाभ उठाया जा सकता है।

**घर बैठे ले सकेंगे चुनावी हाल :** वोटर टर्न आउट मोबाइल ऐप का उपयोग कर मतदान के दिन नागरिक मतदान की जानकारी घर पर बैठे-बैठे पल-पल देख सकते हैं ।तीनों ही चरणों में वोटर टर्न आउट की स्थिति जान सकते हैं।

### शिकायत में भेज सकेंगे तस्वीर और वीडियो

सी विजील एप से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की तस्वीर और वीडियो को सीधे निर्वाचन आयोग को भेज सकते हैं। निर्वाचन के दौरान अगर किसी भी नागरिक को यह दिखता है कि आचार संहिता का उल्लंघन हो रहा है, तो वह इस ऐप पर शिकायत भेज सकता है। मतदाता को रिझाने के लिए पैसे अथवा उपहार वितरण, भड़काऊ भाषण देने, बिना अनुमति बैनर पोस्टर लगाने, मदिरा वितरण, बिना अनुमति सभाएं करने, मतदान केंद्र के 200 मीटर के अंदर प्रचार जैसे मामलों की शिकायत इस एप्स की से की जा सकती है।

**अभियान :** गांधी चौक दल्लीराजहरा में चलाया गया वृहद मतदाता जागरूकता अभियान

# रंगोली व मेहंदी से दिया मतदान का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिले में आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने हेतु सघन मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत आज वार्ड क्रमांक 20 गांधी चौक दल्लीराजहरा में वृहद मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारियों ने आकर्षक एवं रंग-बिरंगे रंगोली बनाकर तथा अपने हाथों में मेंहदी लगाकर मतदाता एवं आम नागरिकों को मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में एसडीएम डौण्डी रामकुमार सोनकर,मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल्लीराजहरा रमाकांत साहू सहित महिला एवं बाल विकास विभाग के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों के सहित बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित थे।

### बरगा में निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**बेमेतरा।** ग्राम पंचायत बरगा में मंगलवार सुबह मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। रैली के दौरान स्वस्थ जनतंत्र की पहचान, सभी करें मतदान, प्रजातंत्र से नाता है, हम सब मतदाता हैं आदि स्लोगन के साथ सभी मतदाताओं को आगामी 7 मई को नहीं भूलने एवं निश्चित रूप से मतदान करने का संदेश दिया गया। नोहर बल्लूपाल सरपंच प्रतिनिधि, गणेश तुरकाने रोजगार सहायक, पूनाराम साहू, हरेन्द्र साहू, दीपक गंधर्व, संतोष निषाद, अशोक साहू, राधे निर्मलकर, भरत साहू, मलवा यादव सहित बड़ी संख्या में युवक-युवती शामिल हुए।




## सामान्य प्रेक्षक और कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|बालोद

सामान्य प्रेक्षक डॉ. एमटी रेजू एवं कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केन्द्र एवं लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

दोनों अफसरों ने जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 33 एवं 35 में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान हेतु बनाए गए सुविधा केन्द्रों का अवलोकन कर अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने नोडल अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर पूजा बंसल से सारी जानकारी ली। इसके बाद लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुंचकर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के लिए बनाए गए स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर वहां की व्यवस्थाओं को जांचा।





## संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में मतदान अधिकारी का महत्वपूर्ण स्थान : शर्मा

**बेमेतरा।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी क्रमांक 02 एवं मतदान अधिकारी क्रमांक-03 का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण का मंगलवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण प्रातः 10.00 बजे से जिला मुख्यालय स्थित शासकीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा एवं शासकीय शिवलाल राठी उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में आयोजित किया गया । कलेक्टर श्री शर्मा लगातार प्रशिक्षण ले रहे मतदान अधिकारियों से रूबरू होकर दिशा निर्देश दे रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शर्मा ने निरीक्षण के दौरान कहा कि मतदान दल में निर्वाचन कार्य संपन्न कराने नियुक्त मतदान अधिकारी-2 व 3 गंभीरतापूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन के लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों को ध्यानपूर्वक सुनें एवं अमल में लाएं। उन्होंने सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईवीएम और वीवीपैट, बैलेट यूनिट मशीन की गतिविधियों को स्वयं संचालित कर देखने कहा । उन्होंने मास्टर ट्रेनर को कहा कि मतदान कराने में होने वाली समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में अच्छे से जानकारी दें। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी अधिकारियों को निर्वाचन कार्य में उत्साहपूर्वक भाग लेने कहा । उन्होंने कहा कि मतदान अधिकारी की नियुक्ति संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया में एक महत्वपूर्ण स्थान रखती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए मतदान केन्द्र पर की गई व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था के साथ साथ वहां पर नियुक्त कर्मचारियों की निष्पक्षता, सजगता और कार्यकुशलता पर निर्भर करता है। इसके लिए मतदान केन्द्र के प्रमुख अधिकारी के रूप में मतदान अधिकारी को मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया का पूरा ज्ञान होना चाहिए। ताकि वह सहयोगी कर्मचारियों को मार्गदर्शन देने के साथ-साथ कठिन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में आत्मविश्वास के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। इस दौरान जिलाधीश स्वयं प्रशिक्षणकर्ता के रूप में कुर्सी में बैठकर प्रशिक्षण देखी इस दौरान उन्होंने ट्रेनरों से सवाल किये और दिशा निर्देश दिए ।

## दुधली स्कूल के स्काउट-गाइड ने कुकुरदेव मंदिर में की सफाई






हरिभूमि न्यूज ▶▶|डौंडीलोहारा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय दुधली के सुभाष दल एवं महारानी लक्ष्मी बाई दल के स्काउट गाइड जिला मुख्य आयुक्त पीसी मर्कले, जिला सचिव के एल गजेन्द्र, डीओसी प्रेमलता चंद्राकर के मार्गदर्शन तथा स्काउट मास्टर मिलन सिन्हा के निर्देशन में ऐतिहासिक स्मारक स्थल कुकुर देव मंदिर मालीघोरी में मंदिर परिसर का स्वच्छता अभियान चलाया। इसके तहत परिसर की साफ सफाई की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहित कुमार ने सभी स्काउट गाइड का सेवा कार्य के लिए धन्यवाद दिया। समिति के सदस्य देवेंद्र कुमार, महेश साहू, पारस मणि, कृपाराम ठाकुर, संतुराम ने छात्रों को ऐसे ही सेवा कार्य करने में सदैव अग्रसर रहने के लिए कहा। संस्था की प्राचार्य डीएन यादव ने बच्चों को प्रति शनिवार को एक घंटा स्वच्छता अभियान चलाने का सुझाव दिया। स्काउट में राजवीर भट्ट, चंदन कुमार, राहुल, बालकृष्ण, मानव कौशिक, भूपेश गाइड यासिका, भूमिका, हिना,तथा संस्था के गाइड कैप्टन वर्षा रानी देवांगन, रेंजर लीडर रेखा ठाकुर का विशेष सहयोग रहा, छात्रों के सफाई अभियान पर संस्था के सभी स्टाफ ने बच्चों को बीच-बीच में ऐसा ही सेवा कार्य करने हेतु प्रेरित किया।



### राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष बनाए गए विनोद

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने बैठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन बेमेतरा जिले की तहसील ईकाई के गठन को लेकर चर्चा की गई। इसके साथ ही विनोद शर्मा को जिला अध्यक्ष नियुक्त कर उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया। जिलाध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि संगठन शासन-प्रशासन व परिवार से पीड़ति व्यक्तियों की मदद के लिए कार्य करता है। संगठन के बेमेतरा जिले के ग्राम कोदवा में आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सरस बर्मन, उपाध्यक्ष डॉ सुखराम साहू, प्रदेश कार्यकारिणी भानु प्रसाद साहू, कार्यलय प्रभारी ओमप्रकाश साहू व योग गुरु शत्रुहन साहू उपस्थित रहे। नव नियुक्त बेमेतरा जिलाध्यक्ष डॉ विनोद शर्मा, साजा ब्लॉक अध्यक्ष सन्तोष शर्मा, महामंत्री ओमकार साहू, बेरला ब्लॉक अध्यक्ष रूपेंद्र वैष्णव, महामंत्री प्रहलाद साहू को नियुक्ति पत्र सहित नए सदस्यों को आई कार्ड भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बेमेतरा जिला महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष भगवंतीन साहू व टिकेश्वरी साहू को उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया। इस बैठक में बुधवंतीन ठाकुर, दशोदा यादव, भारती यादव, सुशीला नेताम, कंचन साहू, जगबाई, रानी, कलिन्द्री, बिसेलाल पटेल, नवजोत सिंह, कोमलप्रीत सिंह, जानो राम साहू, संत कुमार आदि सदस्यगण उपस्थित रहे।

## भाजपा का संकल्प पत्र सभी वर्गों के विकास की गारंटी : शुक्ला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|देवरीबंगला



प्रदेश भाजपा कार्यसमिति के सदस्य एवं शक्ति केंद्र प्रभारी अभिषेक शुक्ला ने गुंडरदेही विधानसभा अंतर्गत ग्राम भीमकन्हार, मुड़यिा, हथौद, भन्डेरा व परसुली में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर भाजपा के संकल्प पत्र व मोदी की गांरटी के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में सभी वर्गों के विकास का समायोजन किया है। मोदी के तीसरे कार्यकाल में आने से देश का विकास और तीर्व गति से होने लगेगा। तीन करोड़ और गरीबों का मकान, पांच वर्ष तक फिर से मुफ्त राशन और अब सौर उर्जा के माध्यम से मुफ्त बिजली देने की तैयारी मोदी जी ने कर लिया है। घर-घर पेलयजल की व्यवस्था पहले ही मोदी जी ने अमृत जल योजना के माध्यम से कर चुके हैं साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार-उद्योग सहित बुनियादी जरूरतों पर विशेष रूप से ध्यान दिया गया है।

बैठक में कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को ऐतिहासिक मतों से जिताने लाभार्थियों एवं मतदाताओं से घर-घर सम्पर्क कर मतदाता पर्ची पहुंचाने महिलाओं की बैठक, ग्रामीणों से चाय पे चर्चा करने कहा गया। बैठक में पुष्पलता बघेल, भुनेश्वर साहसी, चैतन्य निषाद, पोषण देवांगन, जयपाल ठाकुर, डिसोक जांगड़े बूथ अध्यक्षगण नरसिंह साहू, प्रताप देवांगन,रोमन साहू,देवलाल ठाकुर, केदार देवांगन, दाउलाल इंदौदिया, मूलसिंह बगरिया, पन्नालाल सिन्हा, धर्मेंद्र साहू, शिवकुमार, सुदामा डहरे सहित भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

**कथा वाचिका गोपिकेश्वरी देवी ने बताई संसार की महिमा**

# हमारा सुख संसार में नहीं, बल्कि भगवान में है

हरिभूमि न्यूज ▶▶|डौंडीलोहारा





ग्राम बड़गांव के प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में नवरात्रि के पावन पर्व पर चल रहे श्रीमद् देवी भागवत कथा में छठवें दिन गोपिकेश्वरी देवी ने कथा को आगे बढ़ाते हुए संसार की महिमा बताई। उन्होंने कहा कि संसार के बारे में दो बातें प्रचलित हैं, कोई कहता है ये संसार सत्य है, कोई कहता है कि यह संसार मिथ्या है। सही क्या है? इसका उत्तर देते हुए बताया कि कि संसार दो प्रकार का होता है। एक बाहरी संसार और दूसरा भीतर का संसार। बाहर का संसार ये भगवान का बनाया हुआ ये पंचभौतिक जगत सत्य संसार कहलाता है और हमारे विचारों का हमारी इच्छाओं का संसार मिथ्या संसार कहलाता है। और आज जो संसार में जीव दुःखी है, अशांत है इसी भीतर के संसार के कारण। तो इस भीतर के संसार को शुद्ध करना है। उन्होंने कहा कि संसार में न सुख है, ना ही दुख है। अपना ही माना हुआ सुख या दुख हमें संसार में मिलता है। जिस दिन जीव ये मान लेगा कि हमारा सुख संसार में नहीं, बल्कि भगवान में है। बस उसी दिन संसार से मन से वैराग्य हो जायेगा और जीव भगवान की सही-सही शरणागति कर अपना कल्याण कर लेगा। इसके बाद उन्होंने महिषासुर वध की कथा बताई। आगे शुंभ निशुंभ वध की कथा बताई जाएगी।




